भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- †6216

उत्तर देने की तारीख-02/04/2026

डी.ए.जे.जी.यू.ए. के अंतर्गत कौशल केंद्र

†6216. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में स्थापित कौशल केंद्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने तीस जनजातीय जिलों में कौशल केंद्र स्थापित करने और वन धन विकास केंद्रों तथा जनजातीय समूहों के बीच क्षमता निर्माण और व्यावसायिक विकास के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य रखा है और यदि हां, तो तत्संबंधी परिणाम क्या रहे हैं; और

(ग) वर्ष **2025-26** के लिए जिला-वार और विशेषकर आंध्र प्रदेश के जनजातीय जिलों के संदर्भ में निर्धारित लक्ष्य और जनजातीय उपलब्धियों की स्थिति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क): कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) की योजना के तहत जनजातीय आबादी के लिए कौशल उपाय क्रियान्वित (लागू) कर रहा है। इस पहल के तहत, देश भर में 1,000 वन धन विकास केंद्रों (वीडीवीके) और जनजातीय समूहों को प्रशिक्षित करने के लिए 30 जनजातीय कौशल केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। आज की तारीख तक, 30 जिलों में 30 जनजातीय कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 1,131 बैचों में 22,768 लाभार्थियों का नामांकन किया गया है। इसके अलावा, 300 वीडीवीके को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 264 वीडीवीके में प्रगति की रिपोर्ट दी गई है।

(ख): जी हाँ। देश भर के 30 जिलों में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा स्थापित कौशल केंद्रों का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** पर रखा गया है।

(ग): आज की तारीख तक, 30 जनजातीय कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं, और 264 वीडीवीके को प्रशिक्षित किया गया है, ब्यौरा **अनुलग्नक-I** पर रखा गया है।

अनुलग्नक-I

डीएजेजीयूए के तहत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा स्थापित कौशल केंद्रों की सूची

क्र.सं.	राज्य का नाम	जिले का नाम	स्वीकृत केंद्र	उद्घाटन किए गए केंद्र
1	बिहार	पश्चिम चंपारण	1	1
2	छत्तीसगढ़	बस्तर	4	4
		सरगुजा		
		कोंडागांव		
		सुकमा		
3	गुजरात	वलसाड	2	2
		सूरत		
4	झारखंड	रांची	3	3
		सिमडेगा		
		दुमका		
5	कर्नाटक	रायचूर	1	1
6	मध्य प्रदेश	धार	4	4
		मंडला		
		डिंडोरी		
		रतलाम		
7	महाराष्ट्र	नंदुरबार	2	2
		नासिक		
8	मणिपुर	सेनापति	1	1
9	मेघालय	ईस्ट खासी हिल्स	1	1
10	ओडिशा	मयूरभंज	5	5
		सुंदरगढ़		
		मलकानगिरी		
		रायगढ़		
		संबलपुर		
11	राजस्थान	जयपुर	1	1
12	तेलंगाना	आदिलाबाद	1	1
13	त्रिपुरा	धलाई	1	1
14	उत्तर प्रदेश	सोनभद्र	1	1
15	पश्चिम बंगाल	पुरुलिया	1	1
16	दादरा और नगर हवेली एवं दमन व दीव	दादरा और नगर हवेली	1	1
कुल योग			**30**	**30**

*****